p>

Title: Need to include water conservation projets in MNREGA.

**श्री सुभाष बापूराव वानखेडे (हिंगोली):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। **...**(व्यवधान) आजकल सरकार की ओर से जल संसाधन के कार्य बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं, लेकिन पहाड़ी इलाके, ढलान, जंगल एवं गांव-परिसर में बहने वाले पानी को रोकने का कोई प्रबंध नहीं हो रहा है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत निर्माण की योजना इस देश में लागू की। गांव-गांव में पीने का पानी नहीं था, उनको पानी दिया। आज जितनी बारिश हो रही है, उसका पूरा पानी बहकर जा रहा है, उसके साथ मिट्टी का स्तर भी बहता जा रहा है। मैं सरकार से विनती करना चाहता हूं कि महात्मा गांधी रोजगार योजना **...**(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** संक्षेप में बोलिए जिससे दूसरे माननीय सदस्यों को भी मौका मिल सके।

**श्री सुभाष बापूराव वानखेडे :** उस योजना से हर राज्य को बहुत पैसा बजट में सरकार दे रही है, मगर आउटपुट कुछ नहीं है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहती हूं कि महात्मा गांधी रोजगार योजना में जल संसाधन के काम को बड़े जोरशोर से लिए जाएं। वन विभाग, कृषि विभाग और इरीगेशन डिपार्टमेंट की ओर से यह काम होना चाहिए। गांव-गांव में जो छोटे-बड़े नाले हैं, उनको अड़ाकर, बांध डालकर उनका पानी रोकना चाहिए। इसका प्रबंध शासन करे। मुझे सरकार से यही कहना है।